कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ ।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com , Fax/☎ 05964-225234

पत्रांकः 2774 /12–1 दिनांक, पिथौरागढ़, 04 दिसम्बर, 2023 ।

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषयः– **जनपद–पिथौरागढ़ में तहसील मुनस्यारी अन्तर्गत प्रस्तावित सिरकारी भ्योल रूपसियाबगड़, जल विद्युत परियोजना के नव निर्माण हेतु 29.997 हेक्टेअर वन भूमि का यूजेवीएन लिमिटेड को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में (Online proposal no. FP/UK/HYD/119861/2021)।**

सन्दर्भः– **कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा के पत्र सं0 517/12–1 (2) अल्मोड़ा/2023 दिनांक 23.08.2023।**

महादेय,

विषयगत संदर्भ में प्रस्तावक विभाग द्वारा इंगित कमियों का निराकरण कर सम्बन्धित आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां उपलब्ध करायी गयी हैं, जो कि आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

S.No	लगाई गयी आपत्ती	अनुपालन
1	बिन्दु सं0 03 में वर्णित DFO Comments अप्राप्त है। संलग्न में सिर्फ उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत है, परन्तु भारत सरकार के पत्रानुसार DFO की विशिष्ट टिप्पणियां अनुरोधित है।	बिन्दु सं0 03 के कम में अवगत कराना है कि प्रस्तावक विभाग द्वारा पूर्व में प्रस्तावित स्थल पर पुनः 08 नवीन सी0ए0 क्षेत्रों का चयन किया गया है, जिनमें से प्रत्येक का क्षेत्रफल 05 हे0 से अधिक है। उक्त क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण सम्बन्धित वन आरक्षी श्री गोविन्द कुमार द्वारा किया गया है, जो कि वृक्षारोपण की दृष्टि से उपयुक्त है। उपयुक्तता प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रेषित है।
2	बिन्दु सं0 05 में आपकी टिप्पणी है कि “An Undertaking is attached” कृपया संलग्नकों में से सम्बन्धित पृष्ठों को स्पष्ट करते हुए प्रस्तुत करें।	बिन्दु सं0 5 के कम में प्रस्तावक विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया Undertaking से सम्बन्धित प्रमाण पत्र संलग्नक–01 के रुप में संलग्न है।
3	बिन्दु सं0 13 में आपका उत्तर, प्रश्न के उद्देश्य परक तथ्यों को स्पष्ट नहीं करता है। कृपया प्रत्येक सी0ए0, क्षेत्रवार उसका क्षेत्रफल, स्थल विशिष्ठ वृक्षारोपण प्लान की स्पष्ट सूचना दें।	बिन्दु सं0 13 के कम में प्रस्तावित सी0ए0 क्षेत्र का क्षेत्रवार क्षेत्रफल सहित वृक्षारोपण प्लान तैयार कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

उक्त के अतिरिक्त इस कार्यालय के पत्र सं0 501/12–1 दिनांक 26.07.2023 द्वारा प्रेषित सूचना पुनः समस्त संलग्नकों सहित आवश्यक कार्यवाही हेतु सेवा में सादर प्रेषित है।

संलग्नः– यथोक्त।

भवदीय,

(जीवन मोहन दगाड़े)
प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,पिथौरागढ़।